
लोगों के नेता थे खुराना, उनके प्रयास से दिल्ली में खुले 10 कॉलेजः जगत प्रकाश नड्डा

मदन लाल खुराना जैसे दिग्गजों की वजह से भाजपा आज सबसे बड़ी पार्टी बनीः नड्डा

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना की जयंती के अवसर पर नेहरू मेमोरियल ऑडिटोरियम में प्रथम मदन लाल खुराना मेमोरियल व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। इस मौके पर नड्डा ने कहा कि मदन लाल खुराना जैसे दिग्गजों की वजह से भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी। हमारी पार्टी और हमारी विचारधारा किसी के कहने पर समाप्त नहीं होने वाली है। नड्डा ने दिल्ली के विकास में मदन लाल खुराना के योगदान को याद करते हुए उन्हें दिल्ली में विकास का अग्रदूत बताया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन एवं विजय गोयल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद मनोज तिवारी, सांसद रमेश बिधूड़ी एवं प्रवेश साहिब सिंह, ओ पी बब्बर, राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आर पी सिंह, विजय जोली, विधायक विजेन्द्र गुप्ता, अभय वर्मा एवं अनिल बाजपेयी, जम्मू कश्मीर के सह प्रभारी आशीष सूद, उपाध्यक्ष राजन तिवारी, राजीव बब्बर, जयवीर राणा, वीरेन्द्र सचदेवा, मदन लाल खुराना की पत्नि राज खुराना, प्रदेश मीडिया रिलेशन विभाग के प्रभारी हरीश खुराना, शिवम सहित परिवार के सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

जेपी नड्डा ने कहा कि खुराना ने कभी नहीं सोचा था कि वह मुख्यमंत्री बनेंगे। क्योंकि उन दिनों में हमारे हाथ अगर मेट्रोपोलिटन की कुछ सीटें आ जाती थी तो हम खुश हो जाते थे, एक-दूसरे की पीठ थपथपाते थे। लेकिन मदन जी जैसे लोग लगे रहते थे, जूझते रहते थे, लड़ते रहते थे, कांग्रेस की बखियां उधेड़ते रहते थे। उन्होंने कहा कि उनके अथक प्रयासों से दिल्ली में 10 कॉलेज खुले और रिकॉर्ड समय में बनकर इनका संचालन भी शुरू हुआ। उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटीभी बनाई। उन्होंने कहा कि नड्डा ने 1984 के सिख नरसंहार की दुखदायी घटना को याद करतेहुए कहा कि मुझे याद है कि तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने भी उस वक्त किसी राजनेता से मदद मांगी थी तो वे मदन लाल खुराना थे। बाद में मुख्यमंत्री बनने पर उन्होंने जस्टिस नरूला की अध्यक्षता में कमेटी भी बनाई और बहुत हद तक सिख भाइयों को राहत देने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि खुराना की जो दो बातें मुझे आज भी याद है। उनमें संघर्ष भी था और समाधान भी था, कई लोग नेता होते हैं वो संघर्ष करते हैं, लेकिन समाधान नहीं देते, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री अलग थे। उन्होंने कहा कि उन्हें कभी कुर्सी की लालसा नहीं थी। वह विचार से जुड़े और मुद्दों से जुड़े थे।





दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना की जयंती के अवसर पर नेहरू मेमोरियल ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंच पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मदन लाल खुराना की पत्नि राज खुराना, आदेश गुप्ता व रामवीर सिंह बिधूड़ी। -फोटोः मिहिर सिंह

खुराना ने भाजपा को मास ऑर्गनाइजेशन की पहचान दीः गुप्ता

दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि मदन लाल खुराना के कुशल नेतृत्व का उदाहरण दिल्ली में बहुत कुछ मिल जाएगा। भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी को एक कार्यकर्ता आधारित पार्टी से एक मास ऑर्गनाइजेशन के रुप में एक अलग पहचान दिलाई है। भाजपा के हर कार्यकर्ता को मदन जी जैसा बनना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि मदन लाल खुराना का पूरा जीवन ही प्रेरणास्त्रोत रहा है। आज भी अगर दिल्ली ही नहीं अन्य राज्यों के बेहतर मुख्यमंत्रियों की लिस्ट तैयार की जाए तो उसमें मदन लाल खुराना का नाम अग्रणी होगा।

संक्षिप्त समाचार

भाजपा दूसरों की मदद करने वाली पार्टीः मारवाह



नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हमेशा से ही दूसरों की मदद करने वाली पार्टी रही है। यहां जाति धर्म से ऊपर उठकर विकास के लिए कार्य किए जाते हैं। भाजपा हमेशा आपके साथ है। अगर किसी को हमारी मदद की जरूरत हो तो जरूर याद कीजिएगा। यह कहना है दिल्ली कमेटी के मेंबर व पूर्व विधायक तरविंदर सिंह मारवाह का। दरअसल वह 'द समझ' (एनजीओ) के फाउंडेशन डे व अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।उन्होंने दिल्ली की मौजूदा सरकार पर भी तंज कसते हुए कहा कि सिर्फ कुर्सियों पर बैठने से दिल्ली की जनता की समस्याएं हल नहीं हो सकता है। इसके लिए उन्हें सड़क पर उतरकर जनता के बीच काम करना होगा। मारवाह ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं का जिक्र करते हुए कहा कि समाज सेवा में महिलाओं की भूमिका अहम है। उनकी इस लड़ाई में भाजपा उनके साथ है। कार्यक्रम के दौरान आरजे रावत, सुरेश लाहौरी, किरण, सीमा, साक्षी, सीए राजेश को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

काली पट्टी बांधकर नर्सिंग स्टाफ ने किया विरोध

पश्चिमी दिल्ली, (पंजाब केसरी): झिलमिल स्थित इंदिरा गांधी कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआई) अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध व्यक्त किया। नर्सिंग स्टाफ का कहना है कि अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ की भारी कमी है, इसके बावजूद अस्पताल प्रशासन द्वारा सविंदा नर्सिंग स्टाफ को बिना किसी सूचना के हटाया जा रहा है उनका कहना है कि अस्पताल प्रशासन ने उनकी मांगे नहीं मानी तो हम वह अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। इस संबंध में स्टाफ ने 21 सूत्री मांग पत्र भी अस्पताल प्रशासन को सौंपा है।

अलीपुर जाम से लोगों को मिलेगी राहत

पश्चिमी दिल्ली, (पंजाब केसरी): अलीपुर में आए दिन लगने वाले जाम से लोगों को अब राहत मिल सकेगी। पल्ला मोड़ शनि मंदिर पर बन रहे फ्लाईओवर को अब वाहन चालकों के लिए एक तरफ से खोला दिया गया। जिससे पहले की तरह वाहन चालक बिना जाम के आवाजाही कर सकेगें। बता दें कि कुछ दिन पहले ग्रामीणों ने जाम की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया था, साथ ही एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा था। जिसपर कार्रवाई करते हुए लोगों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए फ्लाईओवर के एक हिस्से को शनिवार से लोगों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया है।

'भयभीत लोग बना रहे छठ पूजा को निशाना'



नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भाजपा सांसद मनोज तिवारी के निवास पर शनिवार को पूरी दिल्ली के सैकड़ों छठ समितियों के पदाधिकारी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने यमुना किनारे छठ पूजा पर लगे प्रतिबंध के खिलाफ एक बैठक किया। छठ समितियों की पदाधिकारियों की बैठक की अगुवाई राष्ट्रीय पूर्वांचल महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह ने की। इस अवसर पर विनोद चौधरी, मनीष चौधरी, शशि शेखर सिंह सहित कई छठ समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में छठ समितियों को संबोधित करते हुए सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली में वर्षों से यमुना के किनारे निर्विघ्न रूप से छठ पूजा का आयोजन होता रहा है तो आज ऐसी क्या परिस्थिति आ गई की छठ पूजा को यमुना के किनारे प्रतिबंधित कर दिया गया। दिल्ली सरकार का यह कदम चिंताजनक और दिल्ली में रह रहे 50 लाख से अधिक पूर्वांचल वासियों का अपमान है। उन्होंने कहा कि छठ पूजा से यमुना मैली नहीं होती है असलियत में केजरीवाल का मन मेला है। छठ पूजा पर आस्था के प्रति दृढ़ विश्वास लेकर लाखों लोग की एकजुट पूर्वांचल एकता दिखती है उससे कई लोग घबराए हुए हैं। जबकि छठ पूजा में तो यमुना का जल और उसके किनारे निर्मल और सुंदर होते हैं। अर्घ्य देते समय व्रत धारी जल में गंगा जल एवं गाय को दूध को छोड़ते हैं, जिससे जल की शुद्धता बढ़ती है ना कि जल गंदा होता है।

डीयू पीजी एंट्रेंस टेस्ट एडमिट कार्ड रिलीज

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) पीजी एंट्रेंस टेस्ट एडमिट कार्ड रिलीज हो चुका है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने दिल्ली यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट पीजी और डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी, पीएचडी प्रोगाम के लिए हॉल टिकट https://nta.ac.in/ पर जारी किया है। इन परीक्षाओं में शामिल होने वाले कैंडिडेट्स ऑफिशियल वेबसाइट पर लॉग इन करके एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। गौरतलब है कि डीयू पीजी, पीएचडी प्रवेश परीक्षा का आयोजन 17, 18, 19, 20 और 21 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। डीयूईटी पीजी परीक्षा तीन शिफ्ट में होगी। पहली शिफ्ट 8 से 10, दूसरी 12:30 से 2:30 बजे तक होगी। इसके बाद 5 बजे से शाम 7 बजे तक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा सीबीटी मोड में होगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र करीब तीन दिन पहले रिलीज किए जाते हैं। इसी कड़ी में एडमिट कार्ड रिलीज कर दिए गए हैं। वहीं हॉल टिकट के पहले नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने सिटी इंटिमेशन स्लिप भी रिलीज कर दी थी ताकि कैंडिडेट्स को परीक्षा शहर की जानकारी मिल सके।

स्वच्छता रैंकिंग में शीर्ष स्थान के लिए शुरू किया अभियान

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में शीर्ष रैंक को लक्ष्य कर एमसीडी ने विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया है। इसके तहत शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों में विशेष 'मलबा हटाओ अभियान" चलाया गया। इस विशेष अभियान के दौरान खुले स्थानों, खाली प्लॉटों व बैकलेन से अवैध मलबा उठाने पर विशेष बल दिया गया। जोनल स्तर पर गठित की गई विभिन्न टीमों द्वारा क्षेत्र में जाकर, ट्रक व ट्रॉली के माध्यम से सड़कों व फुटपाथ से बड़ी मात्रा में मलबे को हटाया गया। साथ ही टीमों द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया कि मलबा उठाने के बाद उसे उचित निष्पादन के लिए भेजा जाये। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर को साफ़ सुथरा बनाने के साथ मलबे से उत्पन्न होने वाले धूल प्रदूषण को नियंत्रित करना भी है। साथ ही अभियान के दौरान निगम की 311 ऐप पर प्राप्त मलबा संबंधित शिकायतों के निवारण पर विशेष ध्यान दिया गया। शाहदरा दक्षिणी ज़ोन में सर्वाधिक 972 मीट्रिक टन मलबा समेत पूरी दिल्ली से लगभग 1350 मीट्रिक टन मलबा हटाया गया।

कुत्ते को बचाते वक्त पलटा ऑटो नीचे दबकर चालक की मौत



पूर्वी दिल्ली, (पंजाब केसरी) :शाहदरा डिस्ट्रिक्ट के आनंद विहार इलाके में कुत्ते को बचाते वक्त एक ऑटो पलट गया। हादसे में बुजुर्ग ऑटो चालक ऑटो के नीचे दब गया। लोगों ने किसी तरह ऑटो को हटाया और लोगों को मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। घायल को गंभीर हालत में ऑटो में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मुन्ना (60) के रूप में हुई है।

पुलिस ने मुन्ना के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, मुन्ना, गाजियाबाद के सिकंदरपुर इलाके में परिवार के साथ रहते थे। वह ऑटो चलाते थे। गुरुवार रात वह आनंद विहार में सविता विहार बस स्टैंड के पास से गुजर रहे थे। ऑटो में कोई सवारी नहीं थी और वह अकेले थे। इसी दौरान एक उनके ऑटो के सामने अचानक से एक कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने के लिए मुन्ना ने ऑटो को दूसरी तरफ मोड़ दिया। उसी दौरान उनका ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया और वह ऑटो के नीचे दब गए। इसे देखकर आसपास के लोग उनके पास पहुंचे और ऑटो के अंदर से निकला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें डॉ. हेडगेवार अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने मुन्ना को मृत घोषित कर दिया।

राजस्थान मंत्री पुत्र रेप केसः हाईकोर्ट ने 11 जनवरी तक टाली सुनवाई, अग्रिम जमानत बरकरार

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट ने राजस्थान के मंत्री महेश जोशी के बेटे रोहित जोशी को रेप मामले में मिली अग्रिम जमानत याचिका को बरकरार रखा है।अग्रिम जमानत याचिका को निरस्त करने की मांग पर हाईकोर्ट ने सुनवाई 11 जनवरी 2023 तक टाल दी है। अग्रिम जमानत को चुनौती देने वाली इस याचिका पर जोशी की ओर से जवाब पेश कर दोहराया कि आरोप सही नहीं हैं। हाईकोर्ट की ओर से 21 जुलाई को रोहित जोशी को नोटिस जारी किया था। रेप पीड़िता ने रोहित जोशी को मिली अग्रिम जमानत याचिका को निरस्त करने की मांग कर याचिका दायर की है। 8 जून को तीस हजारी कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने रोहित जोशी को अग्रिम जमानत दी थी। युवती ने आरोप लगाया है कि उसके भाई और पिता पर 10 जुलाई को जयपुर में हमला किया गया। इस हमले को लेकर युवती ने 13 जुलाई को जयपुर के रामगंज पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। याचिका में कहा गया है कि इस मामले में जांच अभी अहम मोड़ पर है, ऐसे में आरोपी को अग्रिम जमानत पर छोड़ना ठीक नहीं है। पीड़िता के जमानत रद्द की याचिका से पहले दिल्ली पुलिस ने भी रोहित की जमानत रद्द करने के लिए याचिका दायर की थी। जिस पर कोर्ट ने दखल करने से इनकार कर दिया था। युवती की आरे से दिल्ली में दर्ज एफआईआर में रोहित पर शादी का झांसा देकर जनवरी 2021 से अप्रैल 2022 तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया गया था।गौरतलब है कि रेप पीड़िता के मुताबिक रोहित के मंत्री पुत्र होने की वजह से उसे राजस्थान पुलिस पर भरोसा नहीं रहा।

दिल्ली वक्फ बोर्ड अनियमितता केस में आरोपी लड्डन को अदालत ने दी जमानत

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में अनियमितता के मामले के आरोपी और आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान के करीबी कौसर इमाम सिद्दीकी उर्फ लड्डन को जमानत दे दी है। विशेष न्यायाधीश विकास धूल ने लड्डन को 50 हज़ार के मुचलके पर जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि आरोपी जांच में सहयोग करेगा और सबूतों से छेड़छाड़ नहीं करेगा। अदालत ने लड्डन को बिना कोर्ट की अनुमति देश छोड़ने से मना किया है। इससे पहले कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में 26 सितंबर को कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को जमानत दी थी। अमानतुल्लाह खान को 16 सितंबर को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने गिरफ्तार किया था। एसीबी के मुताबिक अमानतुल्लाह खान पर आरोप है कि उन्होंने वक्फ बोर्ड में अपने रिश्तेदारों को भर्ती किया। एसीबी ने कोर्ट को बताया कि भर्ती के लिए एक स्थानीय अखबार में विज्ञापन निकाला गया। 22 लोगों को ओखला से भर्ती किया गया, जहां से अमानतुल्लाह खान विधायक हैं। एसीबी ने कोर्ट को बताया कि एंट्री दर्ज की गई है कि चार करोड़ अमानत साहब को नकद दिया गया। इसके अलावा 16 सितंबर को दो स्थानों से 24 लाख रुपए नकद बरामद किए गए। एसीबी ने कहा था कि जो पैसे लिए गए वे उत्तराखंड और तेलंगाना भेजे गए। अमानतुल्लाह खान की आमदनी चार लाख 32 हजार रुपए है और उसे 4 करोड़ रुपए कैश मिलते हैं। आरोपी के यहां से हथियार भी बरामद किए गए।

दीपावली पर दिल्ली में होगा एक लाख करोड़ का व्यापार

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिवाली के आसपास त्योहारी सीजन में इस बार दिल्ली में खरीददारी एवं अन्य सेवाओं के जरिए लगभग एक लाख करोड़ रुपये का व्यापार होने की उम्मीद है। आम आदमी पार्टी (आप) ट्रेड विंग दिल्ली प्रदेश के संयोजक व सीटीआई चेयरमैन बृजेश गोयल ने बताया कि धन के इस पर्याप्त प्रवाह से व्यापारिक समुदाय को वित्तीय संकट से मुक्ति मिलने की भी उम्मीद है। तो इससे दिल्ली सरकार के राजस्व में भारी बढोतरी होगी। उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद इस बार का त्योहारी सीजन उपभोक्ताओं को हर शहर में बाजारों में आने के लिए प्रेरित कर रहा है। बृजेश गोयल ने बताया कि नवंबर में शादियों का सीजन भी शुरू हो रहा है और उसकी खरीददारी भी लोग अभी कर रहे हैं। सीटीआई ने होटल एवं बैंक्वेट एसोसिएशन्स, रेस्टोरेंट एवं मॉल एसोसिएशन्स, सिनेमा एसोसिएशन्स, शॉपिंग सेंटर एसोसिएशन, कार डीलर्स एसोसिएशन्स, मेकअप एवं सैलून एसोसिएशन्स , टूर एवं ट्रेवल एसोसिएशन , मार्केट एसोसिएशन्स व इंडस्ट्री एसोसिएशन्स आदि से बात करके यह निष्कर्ष निकाला है कि इस फेस्टिवल सीजन में लगभग एक लाख करोड़ रुपए का व्यापार हो सकता है। वहीं सीटीआई के अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल ने कहा कि भारत में निर्मित उत्पादों विशेष रूप से घर की सजावट के सामान देवी लक्ष्मी एवं श्री गणेश जी की पूजा का सामान देशभर के बाजारों में बड़ा व्यापार देंगे। सीटीआई महासचिव विष्णु भार्गव और रमेश आहूजा ने कहा कि महत्वपूर्ण रूप से इस वर्ष दिवाली में भारतीय उत्पादों की बिक्री एवं खरीद पर ही ज्यादा जोर है जिससे चीन के व्यापार को जबरदस्त झटका लगने की संभावना है।

एक कंपनी के खिलाफ एससी आयोग की सभी कार्यवाही की रद्द...

आयोग निराधार आरोपों पर जांच शुरू नहीं करें : कोर्ट

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट ने टोरेंट पॉवर लिमिटेड के विरुद्ध राष्ट्रीय अनुसूचित जाति (एससी)आयोग की सभी कार्यवाही को रद्द करते हुए टिप्पणी की कि आयोग एक शिकायत और निराधार आरोपों के आधार पर भारतीय संविधान के अनुच्छेद-338 के तहत जांच शुरू नहीं कर सकता है। जस्टिस यशवंत वर्मा ने कहा कि आयोग को केवल तभी जांच शुरू करने का अधिकार है, जब एससी आयोग का कोई सदस्य प्रथम दृष्टया यह स्थापित करने में सक्षम हो कि संबंधित जाति का होने के कारण उसके साथ दुर्व्यवहार या भेदभाव किया गया है। आयोग को संविधान के अनुच्छेद 338 के तहत जांच के किसी मामले में साक्ष्य लाने के लिए अधिकार पत्र जारी करने का अधिकार है।



बेंच ने कहा कि आयोग को संवैधानिक रूप से अनुसूचित जातियों/जनजातियों के अधिकारों से वंचित करने के मामलों की जांच करने का अधिकार है, लेकिन वर्ग के किसी नागरिक के अधिकार का हर उल्लंघन आयोग के अधिकार क्षेत्र को उचित नहीं ठहरा सकता है। बेंच ने कहा कि शिकायतकर्ता ने केवल एक सामान्य आरोप लगाया था कि याचिकाकर्ता कंपनी ने एससी समुदाय होने के कारण अलग-अलग तरीकों से परेशान किया था। बेंच ने यह भी देखा कि याचिकाकर्ता ने सेवाएं समाप्त होने के लगभग 6 साल बाद शिकायत की। और इस पहलू को जांच शुरू करने से पहले आयोग को सत्य की कसौटी पर तौलना चाहिए था।

ये दी गईं दलीलें... कंपनी ने बताया कि काम के आधार पर इंजीनियर की सेवाओं को समाप्त किया गया था। कंपनी ने तर्क दिया कि इंजीनियर को अनुबंध पर रखा गया था और उसे नोटिस के साथ समाप्त किया जा सकता है। कंपनी ने कहा कि नौकरी समाप्त करने का आदेश पारित करने के 6 साल बाद की गई शिकायत पर आयोग द्वारा संज्ञान लेने का कोई औचित्य नहीं था। वहीं इंजीनियर की तरफ से कहा गया कि उसके पिता के खिलाफ कंपनी ने एफआईआर की थी, उसे परेशान किया जा रहा था। वहीं आयोग ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि उसने केवल जांच की प्रक्रिया शुरू की है। और कंपनी के हित के प्रतिकूल उसने कोई निर्देश नहीं दिया। आयोग ने कहा कि शिकायतकर्ता की सेवाओं को नोटिस के बिना समाप्त कर दिया था।

याचिका के अनुसार कंपनी के खिलाफ इसके एक इंजीनियर ने शिकायत की थी, जिसे कंपनी ने 9 अप्रैल 2011 को समाप्त कर दिया था। हालांकि, इंजीनियर ने कंपनी के खिलाफ उक्त शिकायत सेवा समाप्त करने के 6 साल बाद 8 जुलाई, 2018 को की थी। इंजीनियर ने शिकायत में आरोप लगाया था कि एससी समुदाय का होने के कारण कंपनी ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया था। इंजीनियर ने यह भी आरोप लगाया कि बिना किसी कारण या गलती का उल्लेख किए ही उसकी सेवा को समाप्त कर दिया था। इस शिकायत का संज्ञान लेकर आयोग ने उत्तर प्रदेश सरकार के प्रधान सचिव (विद्युत) और कंपनी के उपाध्यक्ष (तकनीकी) को तलब किया था।

छठ पर्व को लेकर एक सप्ताह के भीतर भलस्वा झील के किनारों की सफाई के निर्देश

गंदगी देख एलजी ने नाक पर रखा रुमाल

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने शनिवार को भलस्वा झील का मुआयना किया। मौके पर गंदगी देखकर वे अपनी नाक पर रुमाल रखकर अफसरों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड को सौंपे गए इसके रखरखाव, जीर्णोद्धार और कायाकल्प कार्यों को लेकर निराशा जाहिर की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी दिसंबर माह तक यहां जल निकाय की पूर्ण बहाली और कायाकल्प को सुनिश्चित किया जाए। साथ ही डीडीए को भी निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर झील के किनारों की सफाई कर इसे छठ पूजा के लिए तैयार किया जाए।



भलस्वा झील का मुआयना करने पहुंचे उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इस झील को राजधानी के लिए एक अमूल्य संपत्ति बताया। उन्होंने झील के कायाकल्प के लिए मई 2019 से नामित एजेंसी दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा इसके रखरखाव की खराब और दयनीय स्थिति पर निराशा जताई। उन्होंने इस बात पर हैरानी जताई कि 59 हेक्टेयर में फैले इस जल निकाय को बेकार होने के लिए छोड़ दिया गया जो राष्ट्रीय राजधानी के पर्यावरण के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। संबंधित एजेंसियों की उपेक्षा के चलते गाद और कचरा जमा होने से यह क्षेत्र सिकुड़ कर अब केवल 34 हेक्टेयर रह गया है। इस अवसर पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) उपाध्यक्ष, निगम के विशेष अधिकारी, दिल्ली जलबोर्ड के सीईओ सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने डीडीए अधिकारियों को झील के किनारों की सफाई तुरंत करने का निर्देश दिया ताकि वहां पर छठ पूजा हो सके। उन्होंने झील के पश्चिमी किनारे में दिवार खड़ा करने को कहा ताकि उसे भलस्वा डेरी क्षेत्र से अलग किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने झील पर अतिक्रमण करने वाले गाद, कीचड़, गोबर और कचरे को आगामी दिसंबर माह तक हटाने के निर्देश दिए हैं। उपराज्यपाल को बताया गया कि नरेला में निगम द्वारा किये जा रहे काम में गोबर का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने इसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उपराज्यपाल ने सभी हितधारक एजेंसियों को झील के पूर्ण जीर्णोद्धार और कायाकल्प पर तालमेल के साथ काम करने का निर्देश दिया।

देव सेनापति मंगल आज मिथुन राशि में करेंगे प्रवेश

नई दिल्ली, (दिनेश शर्मा/पंजाब केसरी): देव सेनापति मंगल 16 अक्टूबर रविवार को मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे। विद्वानों का मत है कि रविवार को प्रातः 6:35 पर शत्रु राशि वृष को छोड़कर मंगल ग्रह अपने प्रबल शत्रु बुध की मिथुन राशि में चले जाएंगे। इसके उपरांत 30 अक्टूबर को वक्री होकर मंगल 14 नवंबर को पुनः वृष राशि में प्रवेश करेंगे। इतना ही नहीं पुनः 12 जनवरी 2023 में मंगल मार्गी होकर इसके उपरांत 13 मार्च 2023 की प्रातः मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे। राशियों के यह घटनाक्रम विश्व के उतार-चढ़ाव में विशेष भूमिका निभाते हैं। लगभग पांच माह की उथल-पुथल पर मिथुन राशि का मंगल लाभकारी होगा। गणनाकारों का दावा है कि मेष, सिंह व मकर राशि के जातकों के लिए अच्छा लाभकारी होगा। जबकि वृष, मिथुन, कर्क, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, कुंभ तथा मीन राशि वालों को मिश्रित फल मिलेगा। अर्थात संघर्ष रहेगा। भगवान गौरीशंकर व लक्ष्मी नारायण के पूजन से लाभ मिलेगा। देवी शक्तियों की उपासना से संकट मुक्ति होगी। इस काल में विश्व में ज्यादातर कड़वाहट होगी। अघोषित युद्ध का वातावरण बन सकता है। भारत में भी राजनेताओं में आपसी कड़वाहट की आशंका है। वैचारिक आधार पर राजनीतिक टकराव के बावजूद विश्व मंच पर भारत की छवि अच्छी रहेगी। देश की स्थिति में उतार-चढ़ाव के चलते प्राकृतिक स्थिति में सुधार की गुंजाइश है।

पंचपरमेश्वर सम्मेलन आज, एक लाख कार्यकर्ता होंगे शामिल : आदेश गुप्ता

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने रविवार को होने वाले पंचपरमेश्वर सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए शनिवार को रामलीला मैदान पहुंचे। जहां उन्होंने इस विशाल कार्यक्रम की तैयारियों की बारीकी से देखा और कार्यक्रम में कोई भी कमी ना हो, इस बात को सुनिश्चित किया। गुप्ता ने जायजा के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि दिल्ली में पहली बार एक लाख कार्यकर्ताओं की संख्या में कोई कार्यक्रम हो रहा है। आदेश गुप्ता ने कहा कि जे पी नड्डा इस रामलीला मैदान से विजय शंखनाद करेंगे तो दिल्ली के अंदर जो एक नकारात्मक माहौल केजरीवाल सरकार द्वारा बनाया गया है, वह दूर होगा। साथ ही केजरीवाल के झूठे और बेईमानी के कारनामों का भी यहां से उजागर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनकल्याणकारी नीतियों पर भी विस्तृत चर्चा की जाएगी, जिससे एक सकारात्मक ऊर्जा पूरी दिल्ली में फैलेगी। आदेश गुप्ता ने कहा कि पंचपरमेश्वर कार्यक्रम को व्यवस्था की दृष्टि से, संख्या की दृष्टि से सफल बनाने के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता चाहे वह सांसद हो, विधायक हो, प्रदेश पदाधिकारी हो या फिर जिला अध्यक्ष से लेकर बूथ स्तर पर भी कार्यकर्ता लगे हुए हैं। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष जयवीर राणा, प्रदेश प्रवक्ता वीरेन्द्र बब्बर, खेमचंद शर्मा एवं नेहा शालिनी दुआ, पूर्व महापौर जय प्रकाश सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं, मयूर विहार भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद बछेती ने रविवार को रामलीला मैदान में होने वाली पंच परमेश्वर सम्मेलन के लिए अपने जिले के पांचों विधानसभा में बूथ कार्यकर्ताओं को आई कार्ड वितरित किए। बछेती ने कहा कि इस रैली के लिए उन्होंने पूरी तैयार की है। सभी कार्यकर्ताओं को आईकार्ड दे दिए हैं।



रामलीला मैदान में सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेते आदेश गुप्ता।